आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :368 पृष्ठ -4 दिनांक 11 जनवरी 2025 दिन शनिवार

# यूपी के 76वें जिले का होगा अपना FM चैनल

## उत्तर प्रदेश के 76वें जिले महाकुंभ नगर का अपना एफएम चैनल होगा. इसकी शुरुआत सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में की



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को सर्किट हाउस में महाकुंभ के अवसर पर प्रसार भारती के एफएम चौनल कुम्भवाणी का शुभारंभ किया.इस अवसर पर उन्होंने एफएम चौनल के सफल होने की आकांक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा विश्वास है कि यह एफएम चौनल न सिर्फ लोकप्रियता की नई ऊंचाई हासिल करेगा, बल्कि महाकुंभ को दूरदराज के उन गांवों तक भी ले जाएगा जहां लोग चाहकर भी यहां नहीं पहुंच पाते हैं.उन लोगों तक इन सुविधाओं के माध्यम से हम महाकुंभ की हर जानकारी पहुंचाएंगे. सीएम योगी ने कहा कि दूर दराज में रहने वालों के लिए इस तरह का सजीव प्रसारण कर पाएंगे तो उनको भी सनातन गौरव के इस महासमागम को जानने, सुनने और आने वाली पीढ़ी को बताने का अवसर प्राप्त होगा.सीएम योगी ने कहा कि वास्तव में लोक परंपरा और लोक संस्कृति को आम जन तक पहुंचाने के लिए हमारे पास जो सबसे पहले माध्यम था वो आकाशवाणी ही था.मुझे याद है कि बचपन में हम आकाशवाणी के माध्यम से उस समय प्रसारित होने वाले रामचरित मानस की पंक्तियों को बड़े ध्यान से सुना करते थे.समय के अनुरूप तकनीक बढ़ी और लोगों ने विजुअल माध्यम से भी दूरदर्शन के माध्यम से सचित्र उन दृश्यों को देखना प्रारंभ किया.बाद में निजी क्षेत्र के भी कई चौनल आए, लेकिन समय की इस प्रति. स्पर्द्धा के अनुरूप खुद को तैयार करना और दूरदराज के क्षेत्रों में जहां पर कनेक्टिविटी के इश्यू होते हैं वहां पर बहुत सारी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए प्रसार भारती के एफएम चौनल ने 2013, 2019 और अब 2025 में भी कुम्भवाणी के नाम पर इस विशेष एफएम चौनल को शुरू करने की कार्यवाही प्रा. रंभ की है.मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि सनातन गौरव और गर्व का एक महाआयोजन है, एक महासमागम है. जिसको सनातन धर्म के गौरव और गरिमा को देखना हो तो वो कुम्भ का दर्शन करे, यहां आकर अवलोकन करे.जो लोग एक संकीर्ण दृष्टि से सनातन धर्म को देखते हैं, साम्प्रदायिक मतभेद, भेदभाव या छुआछूत के नाम पर लोगों को बांटने का काम करते हैं उन लोगों को आकर देखना चाहिए कि यहां पर न पंथ का भेद है, न जाति का भेद है, न छुआछूत है, न कोई लिंग का भेद है.सभी पंथ और सम्प्रदाय एक साथ एक ही जगह स्नान करते हैं.सीएम योगी ने कहा कि दुनिया के बहुत सारे लोगों का यहां पर आगमन शुरू हो चुका है.वो आस्था की डुबकी लगाकर आध्यात्म की गहराइयों को समझने का प्रयास करना चाहते हैं.यह अद्भुत क्षण है और इस अद्भुत क्षण को प्रसार भारती ने कुम्भवाणी के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है.पूरे दिन भर के कुम्भ के कार्यक्रमों को न सिर्फ आंखों देखा हाल के माध्यम से बल्कि महाकुंभ के आयोजन के साथ जुड़े हुए हमारे धार्मिक उद्धरणों को भी दूर दराज के गांवों में प्रसारित करने का काम कुम्भवाणी करेगा. महाकुंभ से जुड़ी सभी तरह की जानक. ारियों के लिए प्रसार भारती ने ओटीटी बेस्ड कुम्भवाणी एफएम चौनल की शुरुआत की है.यह चौनल 103.5 मे. गाहर्ट्ज फ्रीक्वेंसी पर प्रसारित होगा.यह चौनल 10 जनवरी से 26 फरवरी तक ऑन एयर रहेगा.इसका प्रसारण प्रातः 5. 55 बजे से रात्रि 10.05 तक इसका प्रसारण होगा. बता दें जिलाधिकारी प्रयागराज ने महाकुंभ के दौरान महाकुंभ नगर जिले की अधिसूचना जारी की थी. यह जिला अस्थायी होगा.

## पत्नी के महंगे शौक पूरे करने . के लिए यूट्यूबर बना चोर

उत्तर प्रदेश के नोएडा में पुलिस ने एक यूट्बर जॉनी कुमार को गिरफ्तार किया है. आरोपी एटीएम में कैश डालने वाली कंपनी हिटाची कैश में काम करता था. जहां से वो दस लाख रुपये लेकर भाग गया. लेकिन, पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की और 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी ने जब चोरी की वजह बताई तो पुलिस भी हैरान रह गई. पुलिस ने जॉनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. नोएडा जोन ।क्ब् मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी जॉनी को यूट्यब पर वीडियो और गाने बनाने का शौक था. वो बॉलीवुड में जाकर काम करना चाहता था. लेकिन पत्नी के महंगे शौक पूरे करने के लिए चोर बन गया. कुछ दिन पहले ही उसने नौकरी छोड़ दी थी. जिसके बाद उसने कंपनी को ही चूना लगाने का काम किया. पुलिस ने 24 घंटे में किया गिरफ्तार पुलिस ने कहा कि कंपनी में काम करने की वजह से लोग उसे जानते थे, इसी का उसने फायदा उठाया और 8 जनवरी को वो कंपनी में पहुंचा और एटीएम में पैसे डालने के लिए निकाले गए दस लाख रुपये लेकर भाग गया. जिसके बाद कंपनी के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस का दी और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. ।क्ब् मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि जॉनी बुलंदशहर का रहने वाला है. उसके पिता और भाई हलवाई का काम करते हैं. प्रेम विवाह करने की वजह से उसके घरवालों ने उसे निकाल दिया था. जिसके बाद वो अपनी पत्नी के साथ खोड़ा में कमरा किराये पर लेकर रहने लगा. शादी के बाद घर के खर्चे बढ़ गए. पत्नी के महंगे शौक पूरे करने के लिए उसने गलत रहा पकड़ ली और चोरी की इस बड़ी वारदात को अंजाम दे डाला. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना फेज वन में धारा 305 ।ध्317(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है. आरोपी को गुरुवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया है. पुलिस का कहना है कि आरोपी ने बॉलीवुड जाने की ख्वाहिश और पत्नी के बढ़ते खर्चों की वजह से चोरी की. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

## यूपी में कड़ाके की ठंड के बीच . झमाझम बारिश का अलर्ट

उत्तर प्रदेश में कड़ाके की सर्दी से लोग ठिठुर रहे हैं, इस बीच कल से एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने जा रहा है. पश्चिमी विक्षोभ की वजह से इस हफ्ते के आखिर में शनिवार–रविवार को कई जिलों बारिश हो सकती हैं. वहीं गुरुवार को प्रदेश के ज्यादातर हिस्सो अत्यधिक शीत दिवस की स्थिति देखी गई. वहीं घने कोहरे की वजह से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा है. अयोध्या, वाराणसी, लखनऊ और मेरठ समेत कई क्षेत्रों में रात के समय तापमान में खासी गिरावट देखी गई है. मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार 10 जनवरी को भी कोहरे से राहत मिलने की संभावना नहीं है. आज भी सुबह से कई इलाकों में घना कोहरा छाया है. जिसकी वजह से लोगों को आवाजाही में दिक. कतों का सामना करना पड़ रहा है. वहीं आज ज्यादातर इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा, कहीं भी हल्की–फुल्की बारिश की संभावना नहीं है. शनिवार को बारिश का अलर्ट शनिवार से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा. इस दौरान पश्चिमी यूपी में कुछ स्थानों पर और पूर्वी यूपी में कहीं–कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है. इस दौरान सुबह और शाम के समय कहीं–कहीं छिछला से मध्यम कोहरा छाने की संभावना है. प्रदेश में मेघ गर्जन के साथ बिजली गिरने की भी चेतावनी जारी की गई है. अगले दो दिन में तापमान में 2–3 डिग्री की गिरावट आएगी. इन जिलों में कोहरे का अलर्ट यूपी में आज सहारनपुर, मुजफ्फनगर, बि. जनौर, मुरादाबाद, रामपुर, सँभल, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुरखीरी, सीतापुर, हरदोई, बारा. बंकी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, अयोध्या, अमेठी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, इलाहाबाद, कौशांबी, चित्रकूट, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, कुशीनगर, गोरखपुर, संत कबीरनगर, बस्ती, अंब. `डकरनगर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, वाराणसी, चंदौली, गा. जीपुर, बलिया, देवरिया, मऊ और आजमगढ़ में आज छिछले से मध्यम को. हरा रहने का यलो अलर्ट जारी किया गया है. बाकी जगहों पर मौसम शुष्क रहेगा. शनिवार को सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, हापुड़, बागपत, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, कानपुर, जालौन, महोबा, झांसी, ललितपुर और हमीरपुर में कई जगहों पर बारिश होगी. वहीं 35 जिलों में हल्की बारिश का अनुमान है. पिछले 24 घंटों में कानपुर में सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया है. यहां न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस तक चला गया है. चुर्क में 4.8, बुलंदशहर में 5.0, मेरठ और इटावा में 5.5 न्यूनतम तापमान रहा.

## मथुरा के वृंदावन में शुक्रवार को बैकुंठ एकादशी के अवसर पर बैकुंठ द्वार खोल दिया



मथुरा के वृंदावन में शुक्रवार को बैकुंठ एकादशी के अवसर पर बैकुंठ द्वार खोल दिया गया है. साल में एक बार खुलने वाले बै. कुंठ द्वार पर विराजमान होकर भगवान ने भक्तों को दर्शन दिए. मान्यता है कि बैकुंठ द्वार से जो भक्त निकलता है उसे बैकुंठ लोक की प्राप्ति होती है.वृंदावन में खोले गए बैकुंठ द्वार बैकुंठ उत्सव की शुरुआत देर रात भगवान रंगनाथ की मंगला आरती से हुई. इसके बाद सुबह ब्रह्म मुहूर्त में भगवान रंगनाथ माता गोदा जी के साथ परंपरागत वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के मध्य निज मंदिर से पालकी में विराजमान हो कर बैकुंठ द्वार पहुंचे. यहां भगवान रंगनाथ की पालकी करीब आधे घंटे तक द्वार पर खड़ी रही.मंदिर के पुजारियों ने किया बैकुंठ द्वार पर पाठ 0भगवान रंगनाथ की सवारी बैकुंठ द्वार पर पहुंचने पर मंदिर के श्री महंत गोवर्धन रंगाचार्य जी के नेतृत्व में सेवायत पुजारियों ने पाठ किया. करीब आधा घंटे तक हुए पाठ और अर्चना के बाद भगवान रंगनाथ, शठकोप स्वामी, नाथ मुनि स्वामी और अलवार संतों की कुंभ आरती की गई. वैदिक मंत्रोचार के मध्य हुए पूजा पाठ के बाद भगवान रंगनाथ की सवारी मंदिर प्रांगण में भ्रमण करने के बाद पौंड नाथ मंदिर जिसे भगवान का निज धाम बैकुंठ लोक कहा जाता है, में विराजमान हुई.।

## आगरा में हाउस टैक्स के लिए छुट्टी वाले दिन भी खुलेंगे कैश काउंटर




आगरा में हाउस टैक्स के लिए छुट्टी वाले दिन भी खुलेंगे कैश काउंटर. शनिवार, रविवार और मकर संक्रांति को भी जमा कर सकेंगे लोग हाउस टैक्स. 125 करोड़ रुपये टैक्स वसूली का लक्ष्यनगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने सदन में रखे गएलक्ष्य को हासिल करने के लिए अवकाश के दिनों में भी नगर निगम के कैश काउंटरों को खोलने का निर्णय लिया है। नगर आयुक्त के अनुसार शनिवार, रविवार और मकर संक्रांति के दिन 14 जनवरी को भी लोग कैश काउंटरों पर हाउस टैक्स जमा करा सकेंगे। इस संबंध में अपर नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि अवकाश के इन दनों में भी समस्त जोनल कार्यालय एवं उनके कैश काउंटर तरह खुले रहेंगे। संबंधित जोनल अधिकारियों को कैंप लगाकर एवं डोर टू डोर वसूली करने के निर्देश दिए हैं। जमा किए गए टैक्स और वसूली का विवरण सायं 5 बजे उपलब्ध कराना होगा।125 करोड़ रुपये टैक्स वसूली का लक्ष्यनगर निगम सदन में 125 करोड़ का टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा गया है। अपर नगर आयुक्त ने कहा है कि कुर्की और सीलिंग की कार्रवाई से बचने के लिए बकायेदार नगर निगम द्वारा दी जा रही इस सुविधा का लाभ उठाएं। एनजीटी के प्रतिबंध के बावजूद कुछ दुकानदार कोयले की भट्ठियों और तंदूर का प्रयोग कर रहे हैं। नगर निगम की टीम ने ताजगंज पुरानी मंडी क्षेत्र में कार्रवाई कर कोयले से जलाए जा रहे दो तंदूर को ठंडा कर ध्वस्त करा दिया। रोक के बावजूद तंदूर का इस्तेमाल करने पर दो होटलों पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। प्रताप होटल और माया होटल पर कोयले के तंदूर जलते हुए पाए गए। दोनों तंदूर ध्वस्त किए और 5–5 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया।हॉस्पिटल के मेडिकल स्टोर पर मिली पॉलीथिन ताजगंज क्षेत्र में आरके हॉस्पिटल में स्थित दवा की दुकान पर प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करते पाये जाने पर एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

## महाकुंभ से 3 दिन पहले देवकीनंदन ठाकुर की बड़ी मांग

2025 का आरंभ 13 जनवरी 2025 से होगा. इससे पहले कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने बड़ी मांग की है. उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक तस्वीर के जरिए सनातन बोर्ड की मांग एक बार फिर दोहराई है.कथावाचक ने एक पोस्ट में कहा– संगम तट पर होगा सनातन का शंखनाद. धर्म ससंद में बुलंद होगी हिन्दुओं की आवाज. चलो महाकुंभ, प्रयागराज, 27 जनवरी 2025 इससे पहले भी देवकीनंदन ठाकुर ने सनातन बोर्ड की मांग की थी. उनकी मांग है कि देश के मंदिरों पर सरकारी नियंत्रण नहीं होना चाहिए. उन्होंने कहा था कि सनातन बोर्ड समय की मांग है. पहले भी यह मुद्दा उठा चुके हैं देवकीनंदन ठाकुर बता दें महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी 2025 तक होगा. इस दौरान 27 जनवरी को धर्म संसद का आयोजन होगा. इसमें सनातन बोर्ड का मुद्दा प्राथ. मिकता से उठाया जाएगा देवकी नंदन ठाकुर की तरफ से तर्क ये दिया जा रहा है कि सनातनियों के विचारों की रक्षा के लिए सनातन बोर्ड जरूरी है. बीते दिनों एबीपी न्यूज को दिए साक्षात्कार में भी देवकीनंदन ठाकुर ने कहा था कि सरकारी ऑफिसर कैसे मंदिर की व्यस्था कर सकता है? गुरुकुल परंपराओं को पुनः जीवित करने के लिए भी सनातन बोर्ड का गठन चाहिए.सतानत बोर्ड से रुकेगा धर्म परिवर्तन? उनका दावा है कि सनातन बोर्ड के माध्यम से धर्म परिवर्तन रुक सकेगा क्योंकि घटता हुआ हिंदू, भारत के लिए खतरा है. इसलिए हिंदू बढ़ना चाहिए. तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिली कथित चर्बी के मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा था कि ये घटना दोबारा न घटे इसलिए सनातन बोर्ड बनाया जाना चाहिए.

# कासगंज दर्दनाक हादसा...झोपड़ी में आग के बाद गूंजती रहीं मासूम राधिका और नंदिनी की चीखें, जिंदा जलकर मौत

कासगंज में शाम किसान के झोपड़ीनुमा घर के एक छप्पर में आग लग गई। आग की चपेट में आकर छप्पर के नीचे बैठी हुईं किसान की दो मासूम बेटियों की जलकर मौत हो गई। इनमें से बड़ी बेटी की उम्र पांच वर्ष, जबकि छोटी की महज एक वर्ष थी। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। की दो मासूम बेटियों, राधिका (5 वर्ष) और नंदिनी (1 वर्ष), की जलकर मौत हो गई।घटना के दौरान झोपड़ी में बंधी एक भैंस भी गंभीर रूप से झुलस गई है। घटना के बाद परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को मदद का आश्वासन दिया गया है।घटना कोतवाली सोरों क्षेत्र के नगरिया गांव में गुरुवार शाम करीब 6 बजे की है। किसान मोहर सिंह अपने खेत में काम करने के लिए गए हुए थे। उनकी पत्नी भी गांव के बाहर गई हुई




थी। बड़ी बेटी राधिका (5) और छोटी बेटी नंदिनी (01) घर पर अकेली थीं। दोनों घर में खेल रही थीं, तभी छप्पर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। चीख–पुकार सुन दौड़े ग्रामीण, एक भैंस भी झुआग की लपटें देख और दोनों बच्चियों की चीख पुकार सुनकर आस–पड़ोसी मदद के लिए दौड़े। पर जब तक ग्रामीण आग पर काबू पा पाते, दोनों बच्चियों की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं इस दौरान छप्पर के नीचे बंधी हुई एक भैंस भी झुलस गई।घटना की जानकारी मिलने के बाद एसपी अंकिता शर्मा, एडीएम राकेश पटेल, एसडीएम कोमल पवार सहित राजस्व प्रशासन के अलावा अमांपुर विधायक मौके पर पहुंच गये। अधिकारियों ने क्षति का आंकलन कर परिवार को मदद दिलाए।

## कासगंज। एसडीएम कोमल पवार ने सीओ आंचल चौहान के साथ कौशल अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया

कासगंज। एसडीएम कोमल पवार ने सीओ आंचल चौहान के साथ कौशल अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया। यहां कई अनियमिताएं सामने आई। इस पर संचालक को नोटिस की कार्रवाई की गई।अल्ट्रासाउंट संचालक के खिलाफ शिकायत मिलने पर एसडीएम निरीक्षण को पहुंची। निरीक्षण के समय चिकित्सक मौजूद नहीं मिले। यहां मरीजों के पंजीकरण में अनियमिताएं मिली। पंजीकरण के अभिलेख पूरे नहीं पाए गए। सीसीटीवी कैमरे से रिकार्ड देखने के लिए जब लैपटॉप चेक किया गया तो उसमें पासवर्ड लगा मिला। इससे रिकार्ड चेक नहीं हो सका। इसके बाद एसडीएम ने एसीएमओ डॉ. मदन चंद को मौके पर बुला लिया। उनको संचालक के खिलाफ नोटिस देने के निर्देश दिए। एसडीएम कोमल पंवार ने बताया कि संचालक को नोटिस देकर व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही एसीएमओ को फिर से जांच के निर्देश दिए हैं।

## जिलाधिकारी मेधा रूपम एवं पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने शीत . लहर के दृष्टिगत रैन बसेरे व अलाव का किया स्थलीय निरीक्षण

**जननायक सम्राट संवावदाता अमित कुमार/** कासगंज ठंड के मौसम में रात्रि के दौरान विशेषकर बेघर, मजदूर और दूर–दराज के इलाकों से आए यात्रियों के लिए अलाव और रैन बसेरे जीवनरक्षक साबित होते हैं। शासन का यह प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण प्रभावित न हो और जरूरतमंदों को तुरंत राहत मिले। शासन के निर्देशों के क्रम में यह सुनिश्चित करने के लिए कि सर्दी के मौसम में कोई भी व्यक्ति ठंड में रात्रि में न रहे, जिलाधिकारी मेधा रूपम व पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने रात्रि में अलाव और रैन बसेरे का स्थलीय निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अलाव की स्थिति, रैन बसेरे की साफ–सफाई और वहां उपलब्ध सुविधाओं को परखा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि रैन बसेरों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित



की जाएं और यह ध्यान रखा जाए कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठंड में बाहर न रहे। जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील की कि अगर कोई व्यक्ति ठंड में परेशान हो, तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय पर सहायता पहुंचाई जा सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आगंतुक रजिस्टर, साफ–सफाई व्यवस्था, शौचालय, बिस्तर इत्यादि सुविधाओं को देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने निरीक्षण के दौरान कस्बा क्षेत्र में अलाव का भी निरीक्षण किया, कस्बा क्षेत्र के प्रमुख स्थलों पर अलाव जलते हुए पाया गया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जरूरतमंद व असहाय वर्ग के लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किये। जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड के दृष्टिगत कोई भी व्यक्ति सड़क किनारे या खुले आसमान के नीचे ना सोए, रैन बसेरे का आश्रय ले, वहां पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है

## पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध शस्त्रों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान

**जननायक सम्राट संवावदाता अमित कुमार/** पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध शस्त्रों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी सहावर शाहिदा नसरीन के नेतृत्व में थाना सहावर पुलिस द्वारा अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र बनवारी सिंह निवासी मीरापुर थाना सोरों जनपद कासगंज रात्रि को नगर पंचायत, सहावर के पास से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, जिसके कब्जे से एक अवैध तमन्चा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सहावर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई है

## एटा जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र के पचंदा गांव के पास देर रात दो बाइकों की आमने–सामने भीषण टक्कर हो गई

एटा जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र के पचंदा गांव के पास देर रात दो बाइकों की आमने–सामने भीषण टक्कर हो गई। हादसे में चार युवक घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है।घायलों की पहचान मंजीत (17) पुत्र शिव सिंह निवासी दादूपुर, मोहन (18) पुत्र कायम सिंह निवासी दादूपुर, संजू (20) पुत्र दिनेश नगला रेत थाना सहावर और पवनेश सहावर के रूप में हुई है।राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद तीन गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, जबकि एक घायल को उपचार के बाद घर भेज दिया गया।थाना प्रभारी निर्दोष कुमार सेंगर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंच गए हैं।

## एक डिग्री और गिरकर 5 पर पहुंचा पारा

एटा। गलन भरी ठंड से कई दिनों से सर्दी कहर बरपा रही है। बृहस्पतिवार सुबह के समय न्यूनतम पारा 1 डिग्री और गिरकर 5 पर पहुंच गया। दोपहर में हल्की धूप निकली, लेकिन रात नहीं दे सकी। अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहा। 11 जनवरी को बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है।तापमान में लगातार गिरावट से सर्दी ने जोर पकड़ लिया है। कई दिनों से गलन भरी ठंड पड़ रही है। बृहस्पतिवार सुबह कोहरे की चादर और दिन में हल्की धूप के कारण ठंड के प्रकोप से लोग ठिठुरते दिखाई दिए। दोपहर के समय धूप निकली, तो मौसम साफ जरूर हो गया, लेकिन गलन भरी ठंड के आगे धूप बेअसर साबित हुई। लोग आग के सहारे बैठे नजर आए।वहीं ठंड के प्रकोप के कारण बाजार में भीड़ कम दिखाई दी। गर्म कपड़े और ऊन की दुकानों पर जरूर कुछ खरीदार नजर आए। कृषि विज्ञान केंद्र अवागढ़ के मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि मौसम शुक्रवार को साफ रहेगा, लेकिन शनिवार को बादल छाने और बूंदाबांदी होने की संभावना है।

## थाना सोरों, सर्विलांस एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा गौकशी के अभियोग में वांछित 01 शातिर गौकश अभियुक्त को दौराने पुलिस मुठभेड़ किया गया गिरफ्तार

**जननायक सम्राट संवावदाता अमित कुमार/** जनपद कासगंज में गौकशध्वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर आंचल चौहान के नेतृत्व में थाना सोरों, सर्विलांस एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा गौकशी के अभियोग में वांछित 01 शातिर गौकश अभियुक्त अनस पुत्र एजाज निवासी ग्राम भवानीपुर खेरु थाना सहसवान जनपद बदायूं को दौराने पुलिस मुठभेड़ घायल अवस्था में गोरहा नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से अवैध शस्त्र, एक मोबाइल व 01 मोटर साइकिल स्प्लेंडर प्लस रजि0 नं0 क्स 3 थ्ळ 9417 बरामद हुई है । गिरफ्तार अभियुक्त थाना सोरों पुलिस द्वारा घायलधगिरफ्तार अभियुक्त को उपचार हेतु उसकी जीवन रक्षा के दृष्टिगत अस्पताल मे भर्ती कराया गया है । गिरफ्तार अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं



बरामद आवश्यक कार्यवाही की जा रही है ।घटना का संक्षिप्त विवरण रात्रि को थाना सोरों, सर्विलांस एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा मथुरा–बरेली हाईवे पर गोरहा नहर पुल थाना क्षेत्र सोरों के पास संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन की चौकिंग की जा रही थी । चौकिंग के दौरान कासंगज की तरफ से मोटर साइकिल पर सवार 01 व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया, जिसे चौकिंग हेतु रूकने का इशारा किया गया परन्तु मोटर साइकिल सवार व्यक्ति मोटरसाइकिल को तीव्र गति से चलाकर गोरहा नहर की कच्ची पटरी की तरफ भागने लगा । थाना सोरों पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति का पीछा किया गया । कुछ दूर चलने के बाद मोटर साइकिल तीव्रगति होने के कारण असंतुलित होकर गिर गयी । बदमाश द्वारा खुद को पुलिस टीम द्वारा घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, जिससे पुलिस टीम बाल–बाल बची । पुलिस टीम द्वारा अपने आप को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ सूक्ष्म जवाबी कार्यवाही की गयी, जिसमें बदमाश अनस पुत्र एजाज उपरोक्त घायल हो गया ।

## यातायात नियम तोड़े तो घर पहुंच जाएंगे यमराज, एटा पुलिस ने चलाया अभियान

एट :बिना हैलमट सड़क पर निकलने वाले और यातायात नियमों को तोड़ने वालों को सचमुच के यमराज पकड़े या न पकड़ें एटा ट्रैफिक पुलिस के यमराज जरूर पकड़ रहे हैं। यमराज की तरह काले और सुनहरे कपड़े में मुकुट और बड़ी बड़ी मूंछ वाले गदाधारी यमराज बिना हैलमेट मोटरसाइकिल सवारों को रोक रहे हैं और उन्हें यातायात नियम समझा रहे हैं। यही नहीं वह उन लोगों को चेतावनी में यह भी कह रहे हैं कि वह नहीं सुधरे तो वह उनके घर तक पहुंच जाएंगे।



## बैंक से रूपये निकालकर ला रहे युवक से उड़ाए एक लाख रूपए

एटा के जलेसर में बैंक से रुपए निक. ालकर लाए युवक के बैग से शातिर महिलाओं ने एक लाख रुपए पार कर दिए। सीसीटीवी फुटेज देखने से घटना का पता चल सका। पीड़ित राजकुमार शर्मा पुत्र श्रीराम भरोसी लाल शर्मा निवासी भैरों बगीची, थाना जलेसर ने बताया कि वह मंडी जवाहरगंज स्थित एसबीआई बैंक से दोपहर करीब साढ़े तीन बजे चार लाख रुपए निकालने गए थे। रुपए निकालने के बाद वह पास के ही ग्राहक सेवा केंद्र पर अपने भतीजे के पास पहुंचे। तो पीछे से ही आ रही दो महिलाओं ने 500 रुपए के नोट की दो गड्डियां, यानी एक लाख रुपए पार कर



दिए। बैंक से 100 मीटर दूर अपनी दूसरी दुकान पर पहुंचने पर उन्हें घटना की जानकारी हुई। ग्राहक सेवा केंद्र के सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो उसमें पूरी सामने आई। दो महिलाओं ने थैली को ब्लेड से फाड़कर एक लाख रुपए निकाल लिए। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस पहुंच गई।

# अलीगढ़ के गभाना थाना क्षेत्र में पुलिस पर फायरिंग करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने बुलंदशहर से गिरफ्तार कर लिया

अलीगढ़ के गभाना थाना क्षेत्र में पुलिस पर फायरिंग करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने बुलंदशहर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने गभाना में गोकशी की कई घटनाओं को अंजाम दिया था। इसके बाद पुलिस जब उन्हें पकड़ने गई थी तो आरोपियों ने टीम पर फायरिंग कर दी थी।पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी के पैर में गोली लगी थी और वह घायल हो गया था। जबकि अन्य आरोपी फारार हो गया था। जिसके बाद पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस को एक आरोपी के बुलंदशहर में होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद टीम ने उसे बुलंदशहर जाकर गिरफ्तार किया है।गो. कशी की घटनाओं के बाद कार्रवाई जारीअलीगढ़ में 22 दिसंबर और 25 दि.



संबर को गोकशी की घटनाएं हुई थी। जिसके बाद ग्रामीणों ने 25 दिसंबर को गभाना में नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया था और कार्रवाई की मांग की थी। एसएसपी संजीव सुमन मौके पर पहुंचे थे और तत्काल थाना प्रभारी को सस्पेंड कर दिया था। उन्होंने टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए थे।एसएसपी के आदेश के बाद पुलिस टीम लगातार एक्शन में है। क्षेत्रिय पुलिस के साथ स्वॉट और सर्विलांस टीम को 30 दिसंबर को सूचना मिली थी कि सुमेरपुर बंबे के पास कुछ लोग गोकशी के लिए बैठे हैं। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी करके आरोपियों को गिरफ्तार करने की योजना बनाई थी।पुलिस आ गई भागो, बोलकर चलाई थी गोलीआरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए टीम 30 दिसंबर की रात को कलुवा गोशाला के पास पहुंची। यहां खेतों में 7–8 बदमाश गोकशी के लिए घात लगाकर बैठे हुए थे। जब उन्होंने पुलिस को देखा तो एक बदमाश ने चिल्लाकर सभी को भागने के लिए कहा। आरोपी ने अपने साथियों से कहा कि पुलिस आ गई है भागो।जिसके साथ ही आरोपी भागने लगे और कुछ आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सलमान उर्फ सद्दाम उर्फ पड्डा पुत्र अहसान निवासी गांव रामपुर शाहपुर थाना चंडौस, हाल निवासी शहंशाहबाद थाना क्वार्सी के गोली लगी थी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। वहीं फरार आरोपियों की तलाश चल रही थी।बुलंदशहर में जाकर छिप गया थाआरोपीपुलिस पर फायरिंग के बादआरोपी बुलंदशहर में अपने घर में जाकर छिप गया था। जिसके बाद पुलिस ने बुलंदशहर के रिसॉर्ट पोथ गांव रोड औरंगाबाद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें पुलिस ने हाजी फैय्याज पुत्र स्व. इस्लाम निवासी ग्राम अजीजाबाद नियर मदरसा कस्बा थाना औरंगाबाद को गिरफ्तार किया है।

## क्षेत्र पंचायत लोधा की .बैठक 15 जनवरी को

अलीगढ़ क्षेत्र पंचायत लोधा की बैठक 15 जनवरी को प्रातः 11 बजे से मा0 ब्लॉक प्रमुख ठा0 हरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में विकास खण्ड लोधा के सभागार में आहुत की जाएगी। खण्ड विकास अधिकारी लोधा आदिल फैज ने उक्त जानकारी देते हुये बताया कि बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, वित्तीय कार्ययोजना वष्र 2025–26 पर विचार, ग्रामीण पेयजल, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, कृषि, लघु सिंचाई, नहर विभाग, राजकीय नलकूप, बाल विकास, एनआरएलएम, समाज कल्याण, खाद्य एवं रसद, शिक्षा, सहकारिता, पशुधन, युवा कल्याण, भूमि संरक्षण पेयजल, मत्स्य, दुग्ध आदि विभागों की योजनाओं पर विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य लोधा एवं ग्राम प्रधानों को सूचित करते हुये अनुरोध किया है कि वह नियत समय व स्थान पर बैठक में प्रतिभाग करें।

## उ0प्र0 राज्य महिला आयोग 15 जनवरी को करेंगी महिला जनसुनवाई

अलीगढ़ 10 जनवरी 2025 (सू0वि0): उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य श्रीमती मीना कुमारी द्वारा 15 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में महिला उत्पीडन की रोक. थाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए महिला जनसुनवाई की जाएगी।जिला प्रोबेशन अधिकारी अजित कुमार ने उक्त जानक. ारी देते हुए बताया कि मा0 सदस्य द्वारा महिला जनसुनवाई के साथ ही महिला बन्दी गृहों, बालिका एवं महिला गृहों व आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला जनसुनवाई के दौरान पुलिस, जिला कारागार, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के साथ ही महिला थानाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वह निर्धारित समय व स्थान पर अद्यतन सूचनाओं सहित बैठक में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## अलीगढ़ में लाउडस्पीकर पर सख्त कार्रवाई, 68 उतारे और 57 की आवाज हुई धीमी

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में पुलिस प्रशासन ने शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए थाना सिविल लाइंस क्वार्सी और थाना जवा क्षेत्र में धार्मिक स्थलों से 68 लाउडस्पीकर उतरवाए. इसके साथ ही 57 लाउडस्पीकर की आवाज को कम कराया गया. पुलिस ने शांति समिति की बैठक में क्षेत्र के धर्मगुरु, डिजिटल वालंटियर, ग्राम प्रधान और ग्राम प्रहरी से भी अधिक से अधिक सीसीटीवी लगवाने की अपील की. पुलिस ने कल धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों की ध्वनि का जायजा लिया और उन्होंने मानक के अनुसार उनको रखने के निर्देश दिए. जिन जगहों पर ज्यादा मानक के अनुसार ध्वनि थी उनकी आवाज को कम कराया गया और कई ऐसी जगह थी जहां बिना अनुमति के लाउडस्पीकर लगे हुए थे उन लाउडस्पीकर को उतरवाया गया.

## केंद्रीय गुरुद्वारा वैकुंठ नगर अलीगढ़ द्वारा किया गया पत्रकार वार्ता का आयोजन

अलीगढ़। केन्द्रीय गुरुद्वारा, बैकुण्ठ नगर, अलीगढ़ द्वारा प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुये वार्षिक नगर कीर्तन कमैटी–2025 समूह साध संगत महानगर अलीगढ़ के प्रधान सरदार बलविन्दर सिंह (बिट्टू) ने बताया कि धर्म व देश रक्षक श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज के 358वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में दिनांक 12 जनवरी (रविवार) को विशाल नगर कीर्तन का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भाँति धूमधाम से किया जा रहा है तथा पाँच प्यारों की अगुआई एवं श्री गुरूग्रन्थ साहिब जी की छत्र छाया में नगर कीर्तन प्राचीन गुरुद्वारा श्री गुरूसिंह सभा, देहलीगेट, अलीगढ से प्रातः 10 बजे से शुभारम्भ होगा तथा प्रारम्भ होते हुये घुड़िया बाग, बारहद्वारी, पत्थर बाजार, मीरीमल प्याऊ, रेलवे रोड, बस स्टेण्ड, शीशियापाड़ा, दुबे का पड़ाव, मीनाक्षी पुल, सुदामापुरी से होते हुये केन्द्रीय श्गुरुद्वारा गुरुद्वारा श्री गुरूसिंह सभा, बैकुण्ठ नगर पहुँचेगा। इस विशाल नगर कीर्तन में दिल्ली का प्रख्यात मास्टर बैण्ड, लुधियाना (पंजाब) का प्रशिद्ध बैण्ड बैगपाइपर शोभा बढ़ऐंगें तथा अमरोहा की प्रख्यात गतका पार्टी के जाँबाज कलाकारों द्वारा हैरत अंगेज कार्यक्रम प्रस्तुत होंगें तथा अलीगढ़ के समूह गुरुद्वारा के शबद कीर्तनी, जत्थे विभिन्न स्कूलों के बच्चे एवं गतका पार्टियों अपनी–अपनी बेहत. रीन कलाओं का जोरदार प्रदर्शन करेंगी। कार्यक्रम उपरान्त गुरू का लंगर अट्टू बरतेगा सचिव स० दीपसिंह व उप प्रधान स० नरेन्द्र सिंह ने बताया कि दि० 13 जनवरी को केन्द्रीय गुरुद्वारा बैकुण्ठ नगर में ही विशेष कीर्तन दरबार आयोजित होगा।

## बिगबास्केट द्वारा जल्द डिलीवरी .सेवा हुई लॉन्च

अलीगढ़ निवासियों को 10,000 से अधिक उत्पादों का चयन करने का मौका प्रदान करता है, जिसमें ताजे उत्पाद (फल–सब्जी), किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स और पर्सनल केयर (कॉस्मेटिक) जैसे आवश्यक सामान शामिल हैं, जो सभी केवल 10 मिनट में ग्राहक के घर पर पहुंचा दिया जाता है. यह सेवा ग्राहक की सुविधा को ध्यान में रखकर बनायीं गयी है. जो ग्राहक को तेज गति के साथ घरों से किराने का सामान खरीदने में सक्षम बनाती है।कार्यक्रम में बोलते हुए, बिगबास्केट के क्षेत्रीय प्रमुख उत्तर और पश्चिम, श्री गौरव कुलश्रेष्ठ ने कहा, ष्हमें ठठछॅ को अलीगढ़ मे शुरू करते हुए खुशी हो रही है। हमारे हालिया विस्. तारों ने हमें एक महत्वपूर्ण सकारात्मक परिणाम दिया और हमें विश्वास है कि अलीगढ़ के लोगो को 10 मिनट की डिलीवरी की सुविधा से लाभ होगा और वे इसकी सराहना करेंगे। यह सेवा आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली की उभरती जरूरतों को पूरा करके ग्राहकों की संतुष्टि प्रदान के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाती हैश्आगे जोड़ते हुए, अलीगढ़ के मेयर श्री प्रशांत सिंघल ने कहा, ष्अलीगढ में ठठछॅ की लॉन्चिंग बिग. बास्केट की एक सराहनीय पहल है। ऐसी सेवाएँ न केवल खरीदारी के अनुभव को आधुनिक बनाती हैं बल्कि रोजगार के अवसर पैदा करके और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देकर स्थानीय अर्थव्यवस्था में भी योगदान देती हैं। हम इस विकास का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि इसका हमारे शहरवासियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।ष्ठठछॅ की शुरुआत के साथ, बिगबास्केट ने तेज, विश्वसनीय और विविध डिलीवरी सेवाएं प्रदान करते हुए, अलीगढ़ में अपनी उपस्थिति मजबूत करते हुए इस कदम से क्षेत्र में पर्याप्त विकास होने और शहरवासियों के लिए इस सुविधा के शुरू होने से एक नए युग की शुरुआत होने की उम्मीद है।टाटा एंटरप्राइज बिगबास्केट के बारे मेंरूबिगबास्केट (ए टाटा एंटरप्राइज) ऑनलाइन किराना बाजार में मील का पत्थर स्थापित कर रहा है और हाल ही में ग्राहकों के ऑर्डर को तेजी से पूरा करने के लिए शहरों में अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में बदलाव किया है। कंपनी का परिचालन भारत के 400 से अधिक शहरों तक फैल गया है, जिसमें प्रति माह लगभग 8 मिलियन ग्राहक ऑर्डर दर्ज किए जाते हैं।

## सहपऊ पुलिस ने हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे दो जुआरियों को किया गिरफ्तार, कब्जे से 7550 रूपये व ताश की गड्डी बरामद

अलीगढ़ हाथरस। पुलिस अधीक्षक चि. रंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार जुआ, सट्टे की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना सहपऊ पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए दो अभियुक्तों को हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते समय गिरफ्तार किया गया है । जिनके नाम जयप्रकाश पुत्र साहूकार निवासी नगला बंजारा थाना सहपऊ , लवकुश पुत्र विक्रम सिंह निवासी नगला बंजारा थाना सहपऊ जनपद हाथरस है। जिनके कब्जे से 7550ध– रूपये नगद व 52 पत्ता ताश बरामद हुए है ।अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सहपऊ पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम थाना प्रभारी ललित कुमार शर्मा थाना सहपऊ मय टीम जनपद हाथरस है।

## तीनों पेट्रोल पंप पर हुई लूट का खुलासा, मुठभेड़ में पांच लुटेरे दबोचे, लूट की रकम बरामद

अलीगढ में 28 दिसंबर को थाना बरला क्षेत्र के श्री राम किसान सेवा केन्द्र पेट्रोल पंप मदापुर पर लूट हुई थी। 3 जनवरी को थाना अतरौली क्षेत्र में देव फ्यूलस पेट्रोल पम्प 12 नंबर नरौना और थाना हरदुआगंज क्षेत्र में मोनिका एन्टरपाइजेज भारत पेट्रोलियम कलाई बंबा पर लूट हुई थी। पुलिस ने आज 10 जनवरी को रात 2रू10 बजे हरदुआगंज के कलाई बंबा से पेट्रोल पंप लूट की घटनाओं में आरोपी पांच अभियुक्तों को मुठभेड़ में दबोच लिया है। मुठभेड़ में एक अभियुक्त घायल भी हुआ है। अभियुक्तों से 22 हजार रुपये लूट की रकम भी बरामद हुई है। 0 जनवरी को पुलिस हरदुआगंज के कलाई बंबा के पास चेकिंग कर रही थी। एक बाइक पर सवार होकर आरोपी पुलिस वालों को देखकर पीछे मोडकर वापस चल दिए।पु. लिस टीम ने पीछा किया। आरोपियों ने घिरता देख पुलिस वालों पर फायर कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश घायल हो गया। मुठभेड़ में पांच अभियुक्तगण गिरफ्तार कर लिए गए। घायल अभियुक्त को उपचार के लिए पुलिस अभिरक्षा में जेएन मेडिकल कालेज भेज दिया गया।ऐसे लूटते थे गैंगलीडर अभियुक्त जाहिद पर अलीगढ व बुलन्दशहर आदि में 24 अभियोग पंजीकृत हैं। यह कई बार जेल भी जा चुका है। जेल से छूटने के बाद यह हर बार नया गैंग बनाता है । इसके द्वारा गैंग के सदस्यों द्वारा पेट्रोल पंपों की रैकी की जाती। घटना वाले दिन यह टेंपो या अन्य सवारियों से चिन्हित पेट्रोल पम्प के पास पहुचते हैं। लूट कर पैदल–पैदल खेतों व जंगल के रास्ते से वापस आ जाते हैं।जाहिद पुत्र जफर नि0 कोरह रबुपुरा थाना बरला जनपद अलीगढ, घायल है,उमेश शर्मा पुत्र



सतीश शर्मा नि0 कोरह रबुपुरा थाना बरला जनपद अलीगढ,आकाश पुत्र सतीश शर्मा नि0 कोरह रबुपुरा थाना बरला जनपद अलीगढ?हरेन्द्र ठाकुर पुत्र अमर सिंह नि0 कोरह रबुपुरा थाना बरला जनपद अलीगढ,गगन उर्फ गोगा पुत्र राजकुमार उर्फ डबलू सिंह उर्फ वर्मा जी नि0 ग्राम कोरह रबुपुरा थाना बरला जनपद अलीगढ ये हुआ बरामद 04 तमंचा नाजायज 315 बोर 03 खोखा कारतूस 04 जिन्दा कारतूस 315 बोर एक चाकू (छूरा) मोटरसाइकिल हीरो स्पेलन्डर लूटी गयी रकम 22000 रुपये

## डीएम ने जिरौली हीरासिंह में आरआरसी सेंटर, जनसेवा केंद्र एवं अमृत सरोवर का किया स्थलीय निरीक्षण

अलीगढ़ जिलाधिकारी विशाख जी द्वारा विकासखंड अकराबाद के ग्राम जिरौली हीरा सिंह में कचरा से कंचन केंद्र, जनसेवा केंद्र पर फार्मर रजिस्ट्री कार्य एवं अमृत सरोवर का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।डीएम ने आरआरसी सेंटर पर पर हो रहे कूड़े के पृथक्करण का आवलोकन कर निर्देशित किया कि आरआरसी सेंटर को नियमित रूप से सक्रिय रखा जाए और पॉलिथिन एवं प्लास्टिक वेस्ट को लोधा स्थित रिसाइकल यूनिट पर पहुंचाया जाए। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्रामवासियों को 01 रूपया प्रतिदिन स्वच्. छता शुल्क देने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इस छोटी सी पहल से ही गॉव में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। इस धनराशि का उपयोग गॉव में ही स्वच्छता के क्षेत्र में किया जाएगा, यह ग्रामों को स्वच्छता के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए उठाया गया महत्पपूर्ण कदम है। इसके उपरांत उन्होंने गांव के ही जन सेवा केंद्र पर हो रहे फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य का निरीक्षण कर काम तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बीडीओ एवं ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि किसान बन्धुओं को प्रचार वाहन समेत अन्य माध्यमों से फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने गॉव में अमृत सरोवर का निरीक्षण कर ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि तालाब में आ रहे पानी के लिए सिल्टकैचर और वे.





टलैंड को और बड़ा बनवाया जाए।अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम नानऊ के जनसेवा केंद्र पर भी फार्मर रजिस्ट्री कार्य का निरीक्षण कर केंद्र संचालक को फार्मर रजिस्ट्री कराने आए शत–प्रतिशत किसानों का कार्य प्रा. थमिकता से करने के निर्देश दिए। प्राथ. मिक स्वास्थ्य केंद्र पनेठी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने 100 दिवसीय टीबी अभियान के दौरान किए जा रही गति. विधियों की जानकारी में पाया कि केंद्र पर प्रतिदिन लगभग 150 मरीजों के नमूनों का परीक्षण किया जाता है। उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान अन्तर्विभागीय समन्वय बनाते हुए प्रत्येक संदग्धि व्यक्ति की जांच कराई जाए।इस मौके पर एसीएम, डीपीआरओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार लेखपाल, बीडीओ, एपीओ और सचिव, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, जिला कंसलटेंट समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फर्श पर थी सिपाही की लाश, बेड पर तड़प रही थी खून से लथपथ युवती





हाथरस : दो साल से युवती का सिपाही कुलदीप के मकान पर आना जाना था। दोनों में आपस में मित्रता थी। पुलिस कई पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।कमरे का दरवाजा भीतर से बंद था। फर्श पर पड़ी थी सिपाही कुलदीप की लाश। बेड पर खून से लथपथ युवती तड़प रही थी। पास में एक पिस्टल और एक 315 बोर का तमंचा व इसी बोर के दो खोखे थे। सिपाही का शव कमरे में फर्श पर पड़ा था और युवती बेड पर पड़ी थी। घटना स्थल के साक्ष्य चीख–चीखकर कह रहे हैं कि सिपाही ने युवती को गोली मारकर आत्महत्या की। फिलहाल पुलिस दोनों के एक–दूसरे को भी गोली मारने के बिंदु पर भी जांच कर रही है।एक माह पहले तक कुलदीप भाटी कोतवाली चंदपा में तैनात थे। जलेसर रोड पर सड़क दुर्घटना में पैर टूट जाने के चलते पुलिस लाइन में ट्रांसफर कर दिए गए थे। वर्तमान में न्यायालय परिसर में उनकी ड्यूटी लगी हुई थी। जलेसर रोड के मोहल्ला श्यामनगर में बृजमोहन के मकान में कपड़ों की सिलाई करने वाले विष्णु भूतल पर किराये पर रहते हैं। दूसरी मंजिल पर कुलदीप भाटी किराये पर रहते थे। बृहस्पतिवार दोपहर दो बजे गोलियां चलने की सूचना विष्णु ने ही सबसे पहले मकान मालिक को दी थी। मकान मालिक की सूचना पर पुलिस पहुंची। जीने के दरवाजे और कुलदीप के कमरे के दरवाजे भीतर से बंद थे। जिन्हें कटवाकर और तोड़कर पुलिस भीतर घुसी।अंदर देखा तो एक पिस्टल और एक 315 बोर का तमंचा और दो खोके मौके पर पड़े थे। लेकिन पिस्टल का कोई खोखा नहीं मिला है। माना जा रहा है कि पिस्टल से गोली नहीं चली और उसमें कारतूस फंस गया। इसके बाद सिपाही कुलदीप ने 315 बोर के तमंचे से घटना की गई। पिस्टल को फॉरेंसिक जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला आगरा भेजा रहा है। पुलिस का कहना है कि फारेंसिंक जांच रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ हो सकेगी। घटना से पहले सिपाही और युवती के बीच हुआ था विवादमोहल्ला श्यामनगर में अचानक गोलियों की आवाज सुनकर लोग सहम गए। बाद में खून से लथपथ युवती और सिपाही का शव देख लोगों के दिल दहल गए। घटना से पहले दोनों के बीच विवाद होने की बात भी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच हो रहे विवाद और शोर की आवाज राह चलते लोगों ने भी सुनी। इसके बाद अचानक गोली चलने और युवती के चीखने की आवाज आई। इसके चलते लोग सहम गए। किरायेदार ने अन्य लोगों और मकान मालिक को जानकारी दी। पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी, मोहल्ले के लोग भी पहुंच गए। लोगों का कहना है कि तीन गोलियां चलने की आवाज उन्होंने सुनी, लेकिन मौके पर दो ही खोखे मिले हैं। इससे साफ हो रहा है कि दो ही गोलियां चली हैं। दो साल से था युवती का कुलदीप के पास आना जानाबताया जा रहा है कि करीब दो साल से युवती का सिपाही कुलदीप के मकान पर आना जाना था। दोनों में आपस में मित्रता थी। पुलिस कई पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पुलिस दोनों के कॉल डिटेल निकालने के साथ साथ घटना के अन्य पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही थी।मकान मालिक बृजमोहन ने बताया कि 2021 में करोना अवधि के दौरान उसने अपने गुरु के कहने पर मकान कुलदीप को किराये पर दिया था। यह उनके दूर का रिश्तेदार था। उसके साथ सिपाही अभिनाश भी रहता था। वह उनसे किराया नहीं लेता था, केवल बिजली का बिल भरते थे। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजन, मची चीत्कार सिपाही की मौत की सूचना मिलते ही उनके परिजन दादरी से बृहस्पतिवार को हाथरस पहुंच गए। । शव देखकर परिजन रोने बिलखने लगे। उनके विलास से पोस्टमार्टम हाउस का माहौल गमगीन हो गया।

## योगी सरकार के गड्ढा मुक्त अभियान को नगर पालिका ने लगाया पलीता इगलास फाटक पर सडक के बीच पुलिया टूटने से हो गया गड्ढा



हाथरस :प्रदेश में योगी सरकार के गड्ढा मुक्त सडक के अभियान को नगर पा. लिका ने पलीता लगा रखा बड़े–बड़े वादे करने वाली नगर पालिका नहीं कर रही है गड्ढा मुक्त इगलास रेलवे फाटक पर बीच सडक पुलिया टूट जाने से आऐ दिन ई–रिक्शा व ठेले उलट जाने से नुकसान के साथ ही लोग चुटेल भी हो रहें हैं। मगर इस ओर किसी का ध्यान ही नहीं है। आज दिन उच्च अधिकारियों की गाड़ियां यहां से सैकड़ो की तादात में लोगों का आना–जाना है वही परेशानी भरी यह पुलिया टूटी सड़क ठंड के मौसम में कोहरा होने के कारण बन जाती है खुनी पुलिया आज दिन लोगों की गाड़ियां फसती है और कभी–कभी हो जाते हैं चोटिल लगातार कई वर्षो से लोगों की शिकायत पर ऊपर से लोगों को दिखाने के लिए अधूरा कार्य कर दिया जाता है फिर से कुछ दिन पहले शिकायत करने पर नगर पालिका द्वारा आधी अधबनी पुलिया पर एक लट्ठे टाइप की शिल्प डाल दी गई है पर पर हद से आए दिन फिर भी हो रहे हैं वही नगर पालिका ने गोर नहीं किया। इधर मथुरा की और जाना हो या स्टेशन की तरफ मुड़ते ही बाइक सवार हो या ई–रिक्शा चालक आधी बनी पुलिया से बचने के चक्कर में गिर कर चोट भी खा चुके हैं। वही कई बार चाट व फल के ठेले भी उलट गये है। कभी कभी ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली एंबुलेंस जिला अस्पताल के लिए गुजरती हैं वह भी इस टूटी पुलिया के करण जाम की स्थिति में फंसने से कभी–कभी मरीजों को भी जान गंवानी पड़ती है नागरिकों ने सडक के बीच गड्डे को सही कराने की पालिका अध्यक्षा श्वेता चौधरी दिवाकर से गुहार लगाई है

## पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाये रखने हेतु थाना हाथरस गेट क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये



हाथरस :पुलिस अधीक्षक हाथरस श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाये रखने हेतु थाना हाथरस गेट क्षेत्र के मुख्य बाजारोंध्स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया । पैदल गश्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर श्री योगेन्द्र कृष्ण नारायण, प्रभारी निरीक्षक थाना हाथरस गेट व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे । इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना हाथरस गेट क्षेत्र के साकेत कॉलोनी, फैक्ट्री एरिया, खन्दारीगढी,मंडी आदि स्थानों पर भ्रमण किया गया । पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा दुक. ानदारा/व्यापारियों, स्थानीय लोगों को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया गया, आने जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियोंध्वाहनों की चेकिंग की गई । सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भीड़–भाड़ वाली जगहध्मार्केट आदि स्थानों पर जहां महिलाओं की उपस्थिति अधिक हो वहां महिला पुलिस कर्मियों की निरंतर पेट्रोलिंग लगाने तथा स्थान चिन्हित कर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्तियोंध्वाहनों की गहनता से चौकिंग करने हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना हाथरस गेट को निर्देशित किया गया

## हसायन कोतवाली क्षेत्र में गांव सीधामई में एक युवक का शव उसके घर के निकट खेत में पड़ा मिला



हाथरस के हसायन कोतवाली क्षेत्र में गांव सीधामई में एक युवक का शव उसके घर के निकट खेत में पड़ी मिली। सूचना मिलने पर उसके परिवार के लोग भी आ गए और पुलिस भी पहुंच गई। परिवार के लोगों ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम को भेजा है। जांच पड़ताल में जुटी है।हाथरस में हसायन कोतवाली क्षेत्र के गांव सीधामई निवासी दुर्गेश पुत्र राजेंद्र सिंह प्राइवेट जॉब करता था। ग्रेजुएट में पढ़ता भी करता था। गुरुवार की मध्य रात्रि में उसका शव गांव के बाहर जामुन के पेड़ के नीचे मिला। परिवार के लोग वहां एकत्रित हो गए। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई। बताते है किदुर्गेश का अपने ही गांव की एक लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था।दुर्गेश के भाई विजेंद्र का कहना है कि इस लड़की के परिवार के लोगों ने इस लड़की के फोन पर विजेंद्र को बुलाया और फिर पेड़ पर लटका कर उसकी हत्या कर दी। मृतक के भाई ने इस सिलसिले में कोतवाली हसायन में तहरीर दी है। पुलिस ने आज भी वहां पहुंचकर जांच पड़ताल की और लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## हाथरस में सिकंद्राराऊ कस्बे में एक ट्रैक्टर ट्राली में एक ट्रक ने टक्कर मार दी



हाथरस में सिकंद्राराऊ कस्बे में एक ट्रैक्टर ट्राली में एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर चालक पुलिया से नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भि. जवाया है। उसके परिवार के लोग भी वहां आ गए।चंदपा कोतवाली क्षेत्र के गांव कुम्हरई निवासी 48 वर्षीय जाकिर हुसैन पुत्र मेहंदी हसन ट्रैक्टर ट्राली चलता था और इसमें निर्माण सामग्री ढोता था। वह अलीगढ़ में मडराक में रहता था। जब वह ट्रैक्टर ट्राली को लेकर जा रहा था तो सिकंद्राराऊ कस्बे में गौसगंज में ट्रक ने उसके ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। इससे भी असंतुलित होकर पुलिया के नीचे गिर पड़ा। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा घटनास्थल पर भीड़ एकत्रित हो गई और पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पहचान होने पर उसके परिवार के लोगों को भी सूचना दी। परिवार के लोग भी पहुंच गए और उन्होंने उसकी पहचान कर ली। जाकिर हुसैन ने अपने पीछे अन्य परिजनों के अलावा 6 बच्चों को बिलखते छोड़ा है।

## गोदाम की छत काट कर किराने का सामान चोरी, पुलिस जांच में जुटी

हाथरस के सादाबाद कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मथुरा अड्डा के निकट राहुल अग्रवाल पुत्र दिनेश चंद्र अग्रवाल निवासी सादाबाद का किराने के सामान का गोदाम है। देर रात गोदाम की छत काटकर अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। राहुल अग्रवाल ने बताया कि चोर गोदाम से लगभग 50 हजार रुपये का सामान चोरी कर ले गए। चोरों ने गोदाम के निकट स्थित उनकी दुकान को भी निशाना बनाने की कोशिश की। चोरी की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि मथुरा अड्डा स्थित प्राइवेट बस स्टैंड के निकट शराबी जुआरियों का अड्डा बन गया है। यहां आए दिन अराजक तत्व शराब पीते और जुआ खेलते हैं। उन्होंने ऐसे लोगों पर भी कार्रवाई की मांग पुलिस प्रशासन से की है।

## एसडीएम सादाबाद संजय कुमार को ज्ञापन सौंपा।

आगरा अलीगढ़ राष्ट्रीय राज मार्ग पर आज भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह संगठन ने आगरा रोड पर गांव बरौस पड़ने वाले टोल प्लाजा पर रास्ता जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। एसडीएम सादाबाद संजय कुमार को ज्ञापन सौंपा।किसान नेताओं का कहना था कि उनका संगठन यमुना एक्सप्रेस–वे के माइल स्टॉल के नजदीक पड़ने वाले वनखंडी महादेव मन्दिर के लिए एक्सप्रेस वे से उतार–चढ़ाव की मांग करता आ रहा है। गांव मिढ़ावली के पास वनखंडी महादेव मंदिर काफी पुराना है। इस मंदिर पर सावन माह में आस–पास के जिलों से काफी संख्या में श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ पर कांवड़ से गंगाजल लाकर उनका जला भिषेक करते हैं। वह काफी दिनों से यमुना एक्सप्रेस– वे पर उतार–चढ़ाव के साथ मंदिर के रास्ते का पक्का निर्माण की मांग कर रहे है। प्रशासन उसकी ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इसके साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से वहां एक पुलिस चौकी की भी स्थापना की जाए।पिछले वर्ष कराया था सड़क का अस्थाई निर्माणगौरतलब है पिछले वर्ष इन मांगों को लेकर इस क्षेत्र के किसान लगभग डेढ़ माह तक धरना पर बैठे थे। उस समय प्रशासन ने मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते पर मिट्टी भरवा कर मंदिर के जाने के अस्थाई व्यवस्था करवाई थी। इसके बाद प्रशासन अथवा ग्राम पंचायत प्रधान ने इस रास्ते परध्यान नही दिया।ये लोग उपस्थित रहेसंगठन के पदाधिकारियों को कहना है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई तो उनको रास्ता जाम कर आमरण अनशन करना पड़ेगा। विरोध प्रदर्शन करने वालों में इस संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, हा. थरस जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, अलीगढ़ मंडल अध्यक्ष निधीराज यादव, रामवती सिंह, मंयक, मेंबर सिंह, हरेन्द्र सिंह, रवेन्द्र सिंह के साथ सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

आवश्यकता है

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -

अमित कुमार वर्मा -संम्पादक

मौः-8218049162,8273402499

जननायक सम्राट

हिन्दी साप्ताहिक

मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक–अमित कुमार वर्मा

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा